| PUBLICATION NAME : | Punjab Kesari |
|---|---|
| EDITION : | Mumbai |
| DATE : | 08/12/23 |
| PAGE : | 11 |

# दिव्यांगों को सशक्त बनाने पर बैठक

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से कॉरपोरेट्स के लिए एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का आयोजन सीएसआर कार्यों के तहत दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 'सपोर्ट, एक्टिवेट एंड बिल्ड एश्योर्ड लाइवलीहुड्स (सबल-एसएबीएएल)' का निर्माण करने के लिहाज से किया गया था।